NP – 068

VISHWA CHETHANA DEGREE COLLEGE ★ Anekal - 562106 ★

**I Semester B.Com. Examination, February/March 2024**
**(NEP) (F+R)**
**HINDI**
**Gadhya Ki Vidhan Aur Vyakaran**

Time : 2½ Hours Max. Marks : 60

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्य में लिखिए : **(10×1=10)**

1) ओवरसियर और इंजीनियर मकान बनाने से पहले उसका क्या बना लेते हैं ?

2) कानों में चाँदी की बालियाँ कौन पहनती थी ?

3) नैतिक सिद्धांतों में विश्वास कौन करते थे ?

4) आनन्दी के ओर खडाऊँ उठाकर किसने फेंक दिया ?

5) शंकर के दोस्त उसको क्या कहते थे ?

6) बड़े साहब ने नारद को वजन के रूप में क्या पूछा ?

7) आदमी का सच्चा रूप कब खुलता है ?

8) ''गप-शप'' ललित निबंध के लेखकार का नाम लिखिए ।

9) भूपसिंह के पास चंदे का रुपया माँगने कौन आया था ?

10) मीरा का मशहूर गीत ''मेरे तो गिरधर गोपाल'' गाना कौन गाती है ?

II. किन्हीं दो अवतरणों की स-प्रसंग व्याख्या कीजिए : **(2×7=14)**

1) ''बुद्धिमान लोग मूर्खों की बात पर ध्यान नहीं देते । वह बेसमझ लडका है । उससे तो जो कुछ भूल हुई, उसे तुम बड़े होकर क्षमा करो ।''

2) ''महाराज, आप क्यों इस झंझट में पड़ गये ? आप अगर साल-भर भी यहाँ चक्कर लगाते रहें तो भी काम नहीं होगा ।''

3) ''आप यहीं रहते हैं । कहाँ रहते हैं मालिक ? मैं तो अक्सर आया करती हूँ ।''

III. 1) ''बहता पानी निर्मला'' यात्रा विवरण के बारे में वर्णन करके विशेषताओं को लिखिए । (1×16=16)

अथवा

2) प्रत्येक क्षेत्र में भ्रष्टाचार किस प्रकार पनप रहा है, ''भोलाराम का जीव'' व्यंग्या कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

IV. किसी एक पर टिप्पणी लिखिए । (1×5=5)

1) रजिया ।

2) श्रीकंठसिंह ।

V. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (3×5=15)

1) वचन की परिभाषा, भेद और उदाहरण लिखिए ।

2) सकर्मक क्रिया और अकर्मक क्रिया को उदाहरण के साथ विवरण दीजिए ।

3) करण कारक और अपादान कारक में क्या अंतर हैं ? उदाहरण सहित वर्णन कीजिए ।

4) लिंग की पहचान कैसे की जा सकती है ? उदाहरण सहित विवरण दीजिए ।

5) विशेषण के पाँच प्रकार कौन से हैं, वर्णन करते हुए उदाहरण लिखिए ।

---